भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ।

माह अप्रैल, 2024 से 15 अक्टूबर, 2024 तक किये गये कार्यो का विवरण

01. अकादमी के शैक्षिक सत्र 2024–2026 में प्रवेश हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए फार्म वितरण की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

02. अकादमी के द्वितीय वर्ष के छात्रों की नाट्य प्रस्तुति **''दो पॉल का जीना''** का मंचन दिनांक 13 एवं 14 अप्रैल, 2024 को किया गया।

03. अकादमी रंगमण्डल द्वारा दिनांक 22 अप्रैल, 2024 को नाट्य प्रस्तुति **''कर्ण गााथा''** का मंचन **तेपांतर थियेटर विजेल, जिला–वर्धमान, पश्चिम बंगाल** की गयी।

04. अकादमी रंगमण्डल द्वारा दिनांक 23 अप्रैल, 2024 को नाट्य प्रस्तुति **''निर्माण से निर्वाण तक''** का मंचन **तेपांतर थियेटर विजेल, जिला–वर्धमान, पश्चिम बंगाल** की गयी।

05. अकादमी के प्रथम वर्ष के छात्रों की नाट्य प्रस्तुति **''दफ़्न करो''** का का मंचन दिनांक 02 से 03 मई, 2024 को किया गया।

06. **बुद्ध पूर्णिमा** के अवसर पर अकादमी रंगमण्डल की नाट्य प्रस्तुति **''निर्माण से निर्वाण तक''** का मंचन दिनांक 24 मई, 2024 को किया गया।

07. अकादमी के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा नाट्य प्रस्तुति **''दो पॉल का जीना''** का मंचन दिनांक 17 एवं 18 मई, 2024 को **अनेक थियेटर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल** में किया गया।

08. अकादमी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों की वार्षिक परीक्षा माह मई, 2024 में सम्पन्न कर दिनांक 30 मई, 2024 से **सत्रावसान घोषित किया गया।**

09. अकादमी के शैक्षिक सत्र 2024–2026 में प्रवेश हेतु दिनांक 10 से 15 जून, 2024 तक **लिखित परीक्षा तथा व्यवहारिक परीक्षा** सम्पन्न की गयी एवं दिनांक 19 जून, 2024 को परीक्षाफल घोषित किया गया।

10. भारतेन्दु नाट्य अकादमी की 30 दिवसीय **ग्रीष्मकालीन युवा एवं बाल रंगमंच कार्यशाला 2024** से प्रारम्भ की गयी।

11. अकादमी रंगमण्डल द्वारा प्रदेश के विभिन्न **जनपदों गोरखपुर, मिर्जापुर, इटावा, फर्रूखाबाद, बलिया, आज़मगढ़, लखनऊ, बहराइच एवं शाहजहाँपुर में ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

12. युवा रंगमंच कार्यशाला में तैयार प्रस्तुति **'कलजुग'** का मंचन **दिनांक 16 जुलाई, 2024** कलामण्डपम् प्रेक्षागृह, लखनऊ में किया गया।

13. शैक्षिक सत्र 2024–26 हेतु प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई एवं दिनांक 13 अगस्त, 2024 से नये सत्र का शुभारम्भ हुआ।

14. दिनांक 02 जुलाई, 2024 को बाल रंगमंच कार्यशाला की प्रस्तुति **'रंगीला रे'** का मंचन कलामण्डपम् प्रेक्षागृह, लखनऊ में किया गया।

15. नियमित प्रशिक्षकों के अतिरिक्त अनेक राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अतिथि प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया।

16. माह सितम्बर, 2024 में **आस्ट्रेलिया के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक प्रो0 पीटर कुक,** द्वारा अकादमी के छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

17. दिनांक 09 सितम्बर, 2024 को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जयन्ती समारोह के अन्तर्गत भारतेन्दु जी के व्यक्तित्व, जीवन, साहित्य और नाटक पर आधारित गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर विगत वर्षो से लम्बित **मृणांक शर्मा एवं प्रतिमा श्रीवास्तव प्रतिभा स्मृति सम्मान** से सर्वश्रेष्ठ अंकों मे उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया गया।

18. शैक्षिक भ्रमण के अन्तर्गत द्वितीय वर्ष के छात्रों को **लोक/पारपंरिक नाट्य छऊ के प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिनांक 03 अगस्त, 2024 को सरायकेला–खरसवां, झारखण्ड** भेजा गया, उक्त प्रशिक्षण के अन्तर्गत तैयार नाट्य प्रस्तुति **'हैमलेट'** का मंचन दिनांक 03 सितम्बर, 2024 में सरायकेला, झारखण्ड एवं दिनांक 11 सितम्बर, 2024 को लखनऊ में मंचन किया गया।

19. दर्पण, गोरखपुर एवं भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में **अकीर्तिक कांति नायकों** पर आधारित **08 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव** का आयोजन **दिनांक 28 सितम्बर से 05 अक्टूबर, 2024** तक **योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, गोरखपुर** में किया गया। उक्त समारोह में अकादमी रंगमण्डल की प्रस्तुति **''काकोरी एक्शन''** का मंचन **दिनांक 05 अक्टूबर, 2024** को किया गया।

20. **अकादमी रंगमण्डल की प्रस्तुति ''काकोरी एक्शन''** का मंचन दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को कलामण्डपम् प्रेक्षागृह, कैसरबाग, लखनऊ में किया जा रहा है।

हा0/–
(बिपिन कुमार)
निदेशक